डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow.
उत्तर प्रदेश सरकार
मोहान रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226 017
वेबसाइट : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक-1963/पत्र0सं0-1467/DSMNRU/2025-26 दिनांक:23 जनवरी, 2026

## //कार्यालय ज्ञाप//

सूचित किया जाता है कि **विश्वविद्यालय के विषम अधिसत्र/वार्षिक ऐसे विद्यार्थी जिसके द्वारा समर्थ पोर्टल के माध्यम से अध्ययन शुल्क जमा नहीं किया गया है** एवं साथ ही सम अधिसत्र में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का सेमेस्टर पंजीकरण **(जिस पर जो लागू हो)** समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया जाना है जिसके क्रम में समस्त विद्यार्थी अपने समर्थ लॉगिन आई0डी0 से समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन मोड में अध्ययन शुल्क दिनांक 23.01.2026 से 03.02.2026 तक जमा कर अधिसत्र/सत्र में अध्ययन हेतु कोर्स/सेमेस्टर/पेपर्स का चयन करते हुए समर्थ पोर्टल पर अपना पुनः पंजीकरण पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

परास्नातक पाठ्यक्रम हेतु समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण एवं अध्ययन शुल्क को जमा किये जाने की प्रक्रिया सम्बन्धित विभागाध्यक्ष एवं स्नातक पाठ्यक्रमों हेतु समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण एवं अध्ययन शुल्क जमा किये जाने की प्रक्रिया सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/अधिष्ठाता के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में संचालित की जानी है, जिस हेतु सिस्टम एनालिस्ट विश्वविद्यालय द्वारा यथावश्यक तकनीकी सहायता प्रदान की जायेगी।

उक्त के क्रम में दिव्यांग विद्यार्थियों को यदि किसी सहायता की आवश्यकता होती है तो परास्नातक स्तर के विद्यार्थी सम्बन्धित विभागाध्यक्ष एवं स्नातक स्तर के विद्यार्थी सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/अधिष्ठाता कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—**

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
02. समस्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
03. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक, विश्वविद्यालय।
04. सिस्टम एनालिस्ट को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समर्थ पोर्टल पर सेमेस्टर पुनःपंजीकरण प्रक्रिया में यथावश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करना सुनिश्चित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
05. विश्वविद्यालय के समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ।
06. गार्ड फाइल।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव